हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
**रोहतक**, बुधवार 21 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 24.3 डिग्री
न्यूनतम 5.0 डिग्री

पेंशन व अन्य योजनाओं के सत्यापन को लेकर बैठक 11



एसडीएम ने किया सीवरेज व्यवस्था का निरीक्षण 12



## खबर संक्षेप

### चाकू से हमला करने की घटना में आरोपित काबू

**गोहाना।** थाना बरोदा की पुलिस ने रास्ता रोककर चाकू से हमला व मारपीट करने की घटना में आरोपित गांव आहुलाना के रोहन उर्फ भोला को गिरफ्तार किया। न्यायालय ने उसे न्यायिक हिरासत भेज दिया। 17 जनवरी को गांव मातंड के अजीत पुलिस को बताया कि वह जुलाना गोदाम से गाड़ी में गेहूं भरकर झुंडपुर जा रहा था। वह गांव आहुलाना में चीनी मिल के पास पहुंचा तो बीच सडक़ में चल रहे तीन युवकों को हटने को कहा। उसने ब्रेकर पर गाड़ी धीमी की तो दो युवक गाड़ी के आगे खड़े हो गए और एक युवक खिडक़ी खोलकर चढ़ गया। युवक ने उस पर चाकू से दो-तीन वार किए और अन्य ने मारपीट की। पुलिस ने आरोपित आशीष के बाद अब रोहन को गिरफ्तार किया।

### कार की टक्कर से श्रमिक की मौत

**सोनीपत।** जाटी कलां रोड पर कुंडली के पास कार की टक्कर से बाइक सवार श्रमिक की मौत हो गई। उप्र के जिला हमीरपुर के गांव राठ दीवानपुर निवासी राजकुमार ने प्राथमिकी दर्ज कराई है कि वह वर्तमान में दिल्ली के जिंदपुर स्थित उत्तराखंड कॉलोनी में अपने परिवार के साथ रह रहा है। उनके बड़े बेटे रविंद्र (28) कुंडली क्षेत्र में जाटी कलां रोड स्थित जयश्री शिवम स्टॉक में नौकरी करते थे। जब वह बाइक पर स्टॉक के पास ही कार ने उनके बेटे की बाइक को टक्कर मार दी। राहगीरों ने बेटे को दिल्ली के शालीमार स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वहां से उसे सफदरजंग अस्पताल दिल्ली रेफर कर दिया गया। वहां इलाज के दौरान उनके बेटे की मौत हो गई। कुंडली थाना पुलिस ने पीड़ित पिता के बयान पर कार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### अवैध शराब तस्करी का चौथा आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** जिले की क्राइम यूनिट वेस्ट सोनीपत की पुलिस टीम ने अवैध शराब तस्करी की एक पूर्व की घटना में संलिप्त चौथे आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान धर्मबीर निवासी सिसाना सोनीपत के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित को पांच दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। पुलिस के अनुसार यह मामला 22 दिसंबर 2025 का है, जब गोहाना रोड बाईपास पर एक 14 टायरी ट्रक को शक के आधार पर रोका गया था। जांच के दौरान ट्रक में चावल के कट्टों की आड़ में भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई थी। आबकारी निरीक्षक की मौजूदगी में की गई जांच में कुल 1090 पेटी शराब बरामद की गई। पहले ही तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### लाठी से हमला करने वाला आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** गांव जुआं में एक व्यक्ति पर लाठी से गंभीर चोटें मारने की घटना में संलिप्त आरोपित को थाना मोहाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान राकेश निवासी गांव जुआं सोनीपत के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित को न्यायालय में पेश कर आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार 19 जनवरी 2026 को नरेश पुत्र किशन निवासी गांव जुआं ने थाना मोहाना में शिकायत दी थी। शिकायत में बताया गया कि 18 जनवरी की शाम करीब पांच बजे वह अपनी कुटिया के चौबारे में दूध गर्म कर रहा था। इसी दौरान बाहर बैठा वजीर लाठी से हमले का शिकार हो गया। आवाज सुनकर बाहर आने पर नरेश ने राकेश को लाठी से हमला करते देखा, जो मौके से फरार हो गया। वजीर के सिर में गंभीर चोट आई और खून बह रहा था।



## शहर में मिनी बाईपास निर्माण से पूर्व सीवरेज व्यवस्था को दुरुस्त करने में जुटा नगर निगम, डाली जाएगी लाइन

# पानी का स्तर ज्यादा होने से रुका सीवरेज लाइन का कार्य, अब विशेषज्ञों की टीम करेगी सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

शहर में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को जा रही 900 एमएम की लाइन धंसने के बाद बाईपास लाइन डालने का सुझाव नगर निगम के काम नहीं आया है। क्षेत्र में सीवरेज के पानी का स्तर ज्यादा होने और भविष्य में लाइन के क्षतिग्रस्त होने से बचाव के लिए निगम ने कार्य को बीच में ही रोक दिया है।

अब विशेषज्ञों की टीम निरीक्षण कर वैकल्पिक मार्ग की तलाश करेगी।शहर के कालूपुर, कीर्ति नगर व दहिया कालोनी से सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को जाने वाली 900 एमएम की लाइन धंस गई थी। इसके चलते गढ़ी ब्राह्मणान, शास्त्री कालोनी, मयूर विहार सहित करीब आधा दर्जन कालोनियों में सीवरेज के जाम होने की पानी समस्या बन गई थी। नगर निगम ने सीवरेज पानी की निकासी को सुचारु करने के लिए बाईपास लाइन डालने का कार्य शुरू करवाया था, लेकिन क्षेत्र में पानी का स्तर ज्यादा होने के कारण और भविष्य में लाइन के क्षतिग्रस्त होने की आशंका के चलते काम रोक दिया गया। अब निगम ने एसएमडीए के विशेषज्ञों की टीम से निरीक्षण करवाकर वैकल्पिक मार्ग तलाशने की योजना बनाई है। साथ ही परियोजना में दिल्ली आईआईटी की टीम का भी सहयोग लिया जाएगा।

> कालूपुर चुंगी से बैंयापुर खुर्द वाया मोहन नगर को रेलवे अंडरपास से जोड़ा जाएगा

### 2.5 किमी मिनी बाईपास का करवाया जाएगा निर्माण

कालूपुर चुंगी के पास लहराडा रोड पर निहाल पब्लिक स्कूल से मिनी बाईपास का निर्माण करवाया जाएगा। इसके लिए 33 फुट चौड़ी सड़क बनाई जाएगी। वहीं कालूपुर चुंगी से बैंयापुर खुर्द वाया मोहन नगर को रेलवे अंडरपास से जोड़ा जाएगा। करीब 2.5 किमी लंबे मिनी बाईपास रोड का तारकोल व बजरी से निर्माण करवाया जाएगा। इसके अलावा सड़क के दोनों ओर 7 फुट जगह पर इंटरलाकिंग टाइल्स लगवाकर सड़क को पक्का किया जाएगा।

### सीवरेज व्यवस्था पर यह थी योजना

मिनी बाईपास का निर्माण होने से शहरवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। इसके अलावा सूरी पेट्रोल पंप वाली गली पर वाहनों का आवागमन कम होगा। इससे पहले क्षेत्र की सीवरेज व्यवस्था को दुरुस्त बनाने के लिए निगम ने सीवर लाइन डालने का निर्णय लिया है। ऐसे में सीवर का पानी बाईपास करके ककरोई रोड स्थित सीवर लाइन में डाला जाएगा। मिनी बाईपास के रास्ते सीवर लाइन डालने के लिए नगर निगम ने करीब दो करोड़ रुपये का टेंडर लगाया था। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद सीवर लाइन डालने का कार्य किया गया था, जिसे करीब 30 फुट नीचे तक दबाया जाना था, लेकिन क्षेत्र में पानी का स्तर ज्यादा ऊपर है। ऐसे में भविष्य में लाइन धंस सकती है, बचाव के लिए कार्य को रोक दिया गया है।

## लगातार बदल रहा मौसम, अधिकतम तापमान भी 24.3 डिग्री रहा

# न्यूनतम तापमान 5 डिग्री, और गिर सकता है पारा, 24 के बाद बारिश


**ग्रामीण इलाकों में सुबह छाया रहा कोहरा, शहरी इलाकों में धूप से राहत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

मौसम के मिजाज में लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है। कहीं कोहरा तो कहीं धूप के बीच तापमान में भारी गिरावट दर्ज की जा रही है। इसी कड़ी में सोनीपत जिले के ग्रामीण और शहरी इलाकों में मौसम के अलग अलग रूप देखने को मिले। जिले का न्यूनतम तापमान प्रदेश में सबसे ठंडा रहा सोनीपत में मंगलवार को न्यूनतम तापमान 5.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

कड़ाके की इस ठंड ने जहां ग्रामीण अंचल में जनजीवन को प्रभावित किया वहीं शहरी क्षेत्र में धूप खिलने से लोगों को कुछ राहत महसूस हुई। ग्रामीण इलाकों में सुबह की शुरुआत घने कोहरे के साथ हुई। विजिबिलिटी कम होने के कारण वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। खेतों में काम करने वाले किसान और कामगारों को सुबह के समय कड़ाके की ठंड और कोहरे के कारण खासी मशक्कत करनी पड़ी। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति यह थी कि सुबह नौ बजे तक सूरज के दर्शन दुर्लभ रहे। नौ बजे के बाद ही कोहरे की परत छंटनी शुरू हुई और दृश्यता में सुधार हुआ।

### गन्नौर में घने कोहरे के कारण एक के बाद एक सात वाहन टकराए



**गन्नौर।** वाहनों के टकराने से क्षतिग्रस्त कैंटर।

**गन्नौर।** जीटी रोड पर निरंकारी समागम के पास मंगलवार सुबह घने कोहरे के कारण एक के बाद एक कई वाहन आपस में टकरा गए। हादसों के बाद हाईवे पर कुछ समय के लिए जाम की स्थिति बन गई। सूचना मिलने पर गन्नौर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क किनारे खड़ा कर यातायात सुचारू कराया। जानकारी के अनुसार सुबह दृश्यता बेहद कम थी, इसी दौरान निरंकारी समागम के पास कई गाडियां टकरा गईं। इन दुर्घटनाओं में कुल सात वाहन क्षतिग्रस्त हुए। गनीमत रही कि किसी भी हादसे में जानमाल का नुकसान नहीं हुआ और सभी चालक सुरक्षित रहे। पुलिस के अनुसार घटनास्थल से किसी प्रकार की कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। गन्नौर थाना प्रभारी धीरज कुमार ने वाहन चालकों से घने कोहरे के दौरान सावधानी से वाहन चलाने और सुरक्षित दूरी बनाए रखने की अपील की है।

### वायु गुणवत्ता और स्वास्थ्य पर प्रभाव

मौसम में हो रहे इस बदलाव के बीच वायु गुणवत्ता सूचकांक भी चर्चा का विषय बना हुआ है। जिले में वायु गुणवत्ता सूचकांक 136 दर्ज किया गया जो मध्यम श्रेणी में आता है। हालांकि यह बहुत खराब स्थिति नहीं है लेकिन कोहरे और हवा की कम गति के कारण सूक्ष्म कण वातावरण की निचली सतह पर जमा हो सकते हैं। चिकित्सकों का कहना है कि तापमान में अचानक गिरावट और प्रदूषण के स्तर में बदलाव से बुजुर्गों और बच्चों को सांस संबंधी परेशानी हो सकती है। सुबह के समय कोहरे में टहलने से बचने की सलाह दी जा रही है।

### आगामी दिनों के लिए चेतावनी

बुधवार को भी इसी तरह का उतार चढ़ाव बना रहेगा। हवा की गति में बदलाव होने और बादलों की आवाजाही के कारण न्यूनतम तापमान में और गिरावट आने की संभावना है। 24 के बाद बारिश की प्रबल संभावना है।

-डॉ. प्रेमदीप, वैज्ञानिक, केवीके, जगदीशपुर।

### तापमान का गणित और शीत लहर

मौसम विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार सोनीपत का न्यूनतम तापमान 5.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से काफी नीचे है। अधिकतम तापमान 24.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। न्यूनतम और अधिकतम तापमान के बीच इस बड़े अंतर के कारण सुबह और रात के समय ठिठुरन अधिक महसूस की जा रही है। दिन के समय आठ किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चली ठंडी हवाओं ने भी गलन बढ़ा दी है।

**अचानक आए बादल**

दूसरी ओर शहरी क्षेत्र में स्थिति इसके विपरीत रही। शहर में सुबह से ही धूप निकल आई थी जिससे वातावरण में मौजूद ठंड का असर कम होता दिखाई दिया। शहर और ग्रामीण दोनों ही क्षेत्रों में दोपहर तक स्थिति सामान्य रही और खिली हुई धूप ने लोगों को सर्दी से निजात दिलाई। हालांकि यह स्थिति ज्यादा देर तक नहीं बनी रही। दोपहर बाद अचानक आसमान में हल्के बादल छा गए जिससे धूप की तपिश कम हो गई। मौसम विभाग के अनुसार यह परिवर्तन पश्चिमी विक्षोभ के असर और हवा की दिशा में बदलाव के कारण देखा जा रहा है।

### रबी के लिए वरदान बना हुआ मौसम

तापमान में आई इस गिरावट को कृषि विशेषज्ञों ने रबी की फसलों के लिए वरदान बताया है। खासतौर पर गेहूं की फसल के लिए यह ठंड काफी लाभदायक सिद्ध होगी। सरगथल और आसपास के इलाकों में गिरता पारा फसल की बढ़वार में सहायक होगा। हालांकि कोहरे की अधिकता से कुछ फसलों में नमी बढ़ सकती है लेकिन फिलहाल की स्थिति किसानों के लिए अनुकूल मानी जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में कोहरे के कारण फसलों पर ओस की बूंदें जम रही हैं जो मिट्टी की नमी बनाए रखने में मदद करती हैं।




**सोनीपत।** प्रदर्शन करते मनजीत तिहाड़ा, साथ में युवा वर्ग।

# प्रयागराज में संतों के अपमान के विरोध में सोनीपत में प्रदर्शन

**मनजीत तिहाड़ा के नेतृत्व में धर्म रक्षकों ने सुभाष चौक पर जताया आक्रोश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सुभाष चौक पर युवाओं और धर्म रक्षकों ने प्रयागराज में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज के अपमान के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन मनजीत तिहाड़ा के नेतृत्व में किया गया, जिसमें प्रयागराज मेला प्रशासन और जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की गई। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि माघ मास की मौनी अमावस्या के दिन प्रयागराज में प्रसारित एक वीडियो में संतों और ब्रह्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार किया गया। मनजीत तिहाड़ा ने बताया कि उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो देखा, जिसमें एक संवाददाता पालकी के साथ समाचार कवरेज कर रहा था। वीडियो में मोहित गुप्ता नामक अधिकारी द्वारा स्वामी के शिष्यों के साथ धक्का-मुक्की करते हुए दिखाया गया है।

### पशुओं जैसे व्यवहार से धार्मिक भावनाएं आहत

वीडियो में इसके बाद अन्य पुलिस कर्मियों द्वारा ब्रह्मचारियों को पकड़कर ले जाया गया। वीडियो में भगवाधारी ब्रह्मचारियों को धक्के मारते, शिखा पकड़कर खींचते और पशुओं की तरह हांकते हुए ले जाने के दृश्य दिखाई दिए, जिससे उनकी धार्मिक भावनाएं आहत हुईं। मनजीत तिहाड़ा ने मांग की कि इस मामले में शामिल अधिकारियों और कर्मचारियों पर संविधान व धर्म सम्मत कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज अपने संतों के सम्मान के लिए चुप नहीं रहेगा और जल्द ही सोनीपत समाज के साथ मिलकर कानूनी मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

### गणतंत्र दिवस पर कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा सोनीपत में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे



**सोनीपत।** डीसी सुशील सारवान ने बताया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा सोनीपत में आयोजित जिलास्तरीय समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे और राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। उन्होंने बताया कि उपमंडल स्तर पर भी आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस के कार्यक्रमों में गोहाना उपमंडल में सोनीपत से विधायक निखिल मदान, उपमंडल खरखौदा में विधायक पवन खरखोदा, उपमंडल गन्नौर में विधायक देवेंद्र कादियान राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। उन्होंने बताया कि समारोह में विभिन्न शिक्षण संस्थानों द्वारा सांस्कृतिक एवं देशभक्ति के कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। विभिन्न विभागों द्वारा झांकियां निकाली जाएगी। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों, प्रतिभाशाली विद्यार्थियों, गणमान्य व्यक्तियों व अन्य को सम्मानित किया जाएगा।

# हत्या के दोषी पति को सात साल कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



- छह अन्य को सबूतों के अभाव में बरी किया
- साथ ही पांच हजार रुपये जुर्माना किया

अदालत ने विवाहिता की दहेज के लिए हत्या के मामले में आरोपी पति को दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. जसबीर सिंह ने दोषी को सात साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर पांच हजार रुपये जुर्माना किया गया है। मामले में छह अन्य आरोपितों को सबूतों के अभाव में बरी किया गया है। प्याऊ मनियारी स्थित मकान के कमरे में सुमन देवी (22) का शव 24 मई को संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला था। सुमन देवी मूलरूप से बिहार के भोजपुर के गांव गोरंडिका निवासी पति जयप्रकाश के साथ किराए पर रहती थी। वह देर रात करीब एक बजे संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकी मिली थी। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला था। सूचना के बाद मौके पर पहुंची कुंडली थाना पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर एफएसएल की टीम को बुलाकर सबूत जुटाए थे। मामले में 26 मई, 2020 को महिला के पिता भोजपुर के गांव सहार निवासी शिव प्रसाद साह ने बेटी की दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाया था। शिव प्रसाद ने सुमन के पति जयप्रकाश के साथ ही बेटी के सास-ससुर, ननद, जेठ-जेठानी व देवर पर आरोप लगाया था कि वह शादी के बाद से ही उसकी बेटी को परेशान कर रहे थे। बेटी की शादी जुलाई, 2016 में हुई थी। उनकी बेटी से दहेज में बाइक की मांग की जा रही थी। जयप्रकाश वर्ष 2019 में उनकी बेटी को लेकर सोनीपत के कुंडली आ गया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस ने मामले में आरोपी पति जयप्रकाश को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। मामले में सुनवाई करते हुए एएसजे डॉ. जसबीर सिंह ने आरोपित जयप्रकाश को दोषी करार दिया। अन्य आरोपितों को बरी कर दिया गया। मंगलवार को अदालत ने दोषी जयप्रकाश को सात साल कैद व पांच हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है।

### शंकराचार्य मामले ने भाजपा के झूठे हिन्दुत्व के चेहरे को उजागर किया : राकेश



**सोनीपत।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता राकेश सौदा एडवोकेट ने भाजपा के झूठे हिन्दुत्व पर प्रहार करते हुए कहा कि ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य और एक प्रमुख हिन्दू संत स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी और उनके अनुयायियों के साथ प्रयागराज मे प्रशासन द्वारा जिस तरह का व्यवहार किया गया वो साबित करता है कि भाजपा सरकारें सिर्फ बदले की भावना और झूठे हिन्दुवाद पर काम करती है। हिन्दू धर्म मे शंकराचार्य को भगवान का दर्जा प्राप्त है। लेकिन जिस तरह से सन्तों को चोटी से पकड़कर घसीटा गया वो साबित करता है कि भाजपा सिर्फ सत्ता की राजनीति करती है उसे धार्मिक भावनाओं और जन संवेदनाओं से कोई लेना देना नहीं है। सौदा ने कहा कि क्या ये सम्भव है कि प्रशासन बिना सरकार की इच्छा के इस तरह का कृत्य संतों के साथ कर सकता है? यदि फिर भी प्रशासन इस तरह का कृत्य करता है तो ये निश्चित तौर पर सरकार की मंशा पर सवालिया निशान लगाता है। उनके साथ कार्यालय प्रभारी प्रेम नारायण गुप्ता, जिला महासचिव दयानंद वाल्मीकि, जिला सचिव रविन्द्र मलिक, के सी बत्रा एवं महेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

**मुहिम** आरपीएफ कर्मियों ने सांदल कलां, राजलू गढ़ी स्टेशन के पास किया लोगों के साथ युवाओं को जागरूक

# ट्रेनों पर पत्थरबाजी की घटनाओं को रोकने के लिए चलाया अभियान

- ऑपरेशन दोस्ती के तहत जागरूकता अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

रेलवे पुलिस बल (आरपीएफ) ने दिल्ली-अंबाला रूट पर सोनीपत क्षेत्र में ट्रेनों पर होने वाली पत्थरबाजी, रेल लाइन पर अलार्म चेन पुलिंग (एसीपी) जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए मंगलवार को ऑपरेशन दोस्ती के तहत जागरूकता अभियान चलाया। अभियान को लेकर आरपीएफ थाना प्रभारी इंस्पेक्टर संगम के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया।

उप निरीक्षक शहाबुद्दीन के नेतृत्व में आरपीएफ कर्मियों ने रेल लाइन के साथ लगती कॉलोनियों, सांदल कलां व राजलू गढ़ी स्टेशन के पास लोगों को जागरूक किया।

उन्होंने लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि कई बार बच्चे खेल-खेल में ट्रेनों पर पत्थरबाजी कर देते हैं। अगर सभी लोग सहयोग करें तो ट्रेनों पर पत्थरबाजी की घटनाओं पर पूर्ण रूप से रोक लगाई जा सकती है। वर्ष 2025 में वंदे भारत एक्सप्रेस व अमृतसर शताब्दी एक्सप्रेस पर राठधना-सोनीपत स्टेशन के बीच पत्थरबाजी करने वालों पर कानूनी कार्रवाई की गई है। आरपीएफ पत्थरबाजी की घटनाओं को रोकने के लिए रेल लाइन के साथ लगते क्षेत्रों में लोगों को जागरूक कर रही है।



**सोनीपत।** रेल लाइन के साथ कॉलोनी में युवाओं व महिलाओं को ट्रेनों पर होने वाली पत्थरबाजी की घटनाओं को लेकर जागरूक करते आरपीएफ कर्मी।
*फोटो : हरिभूमि*

### पत्थरबाजी करना कानूनी अपराध

अभियान के दौरान उप निरीक्षक शहाबुद्दीन ने लोगों व खासकर युवाओं को ट्रेनों पर पत्थरबाजी न करने के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि ट्रेनों पर पत्थरबाजी करना कानूनी अपराध है। इससे राष्ट्रीय संपत्ति के साथ यात्रियों को भी नुकसान होता है। रेलवे को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ता है। ऐसा करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### ये रहे शामिल

टीम में सहायक उप निरीक्षक हमराह, रिछपाल सिंह, कांस्टेबल जगत सिंह, नरेश कुमार, मनोज कुमार शामिल रहे।

### मोहित ने रबर नेति में इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड में करवाया नाम दर्ज

**गन्नौर।** योग और स्वास्थ्य के क्षेत्र में जिले का नाम रोशन करते हुए गन्नौर क्षेत्र के योगिराज मोहित ने एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। योगिराज मोहित ने इंडिया बुक आफ रिकार्ड के अंतर्गत रबर नेति योग में मात्र छह सेकंड में यह कठिन योगिक क्रिया पूर्ण कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह रिकार्ड नई दिल्ली स्थित बास्को पब्लिक स्कूल में इंडिया बुक आफ रिकार्ड की आधिकारिक टीम और निर्णायकों की मौजूदगी में बनाया गया। रिकार्ड के दौरान योगिराज मोहित ने चिकित्सकीय स्तर के रबर कैथेटर को दोनों नासिकाओं से प्रविष्ट कर मुख के माध्यम से बाहर निकालते हुए निर्धारित समय से भी कम समय में इस क्रिया को सफलतापूर्वक पूरा किया।



# श्रेयस होंगे पलाश की फिल्म के लीड हीरो

**मुंबई।** म्यूजिक कंपोजर, डायरेक्टर पलाश मुछाल पिछले दिनों क्रिकेट स्मृति मंधाना से टूटी अपनी शादी को लेकर चर्चा में रहे। लगभग दो महीने बाद वह काम पर लौटे हैं। जल्द ही एक अनाम फिल्म निर्देशित करेंगे। इस फिल्म में लीड रोल में बॉलीवुड के एक नामी अभिनेता नजर आएंगे। पलाश मुछाल ने अपनी एक अनाम फिल्म की घोषणा की है। इस फिल्म को वही निर्देशित करेंगे। इसकी कहानी एक आम आदमी की जिंदगी पर आधारित होगी। फिल्म में लीड रोल एक्टर श्रेयस तलपदे निभाएंगे। पलाश मुछाल पहली बार किसी फिल्म का निर्देशन नहीं कर रहे हैं। वह पहले भी 'अर्ध' और 'काम चालू है' जैसी फिल्में बना चुके हैं।

लाइफ Style

# समीरा
## संजय के साथ शेयर कीं 2006 की यादें

बॉलीवुड के सितारे इन दिनों साल 2016 की यादें शेयर कर रहे हैं। ऐसे में अभिनेत्री समीरा रेड्डी एक कदम आगे बढ़ गई हैं। उन्होंने 2006 की यादें शेयर की हैं। उन्होंने 'मुसाफिर' के साथी कलाकार संजय दत्त के साथ 20 साल पहले की तस्वीर शेयर की है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

समीरा रेड्डी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में वह संजय दत्त के साथ एक तस्वीर दिखाते हुए कहती हैं कि 2016 का ट्रेंड क्यों फॉलो करें। चलो 2006 में चलते हैं। इसके बाद वीडियो में संजय दत्त नजर आते हैं। संजय दत्त हंसते हैं और समीरा रेड्डी उनसे गले मिलती हैं। वीडियो के कैप्शन में समीरा ने लिखा है '20 साल पहले के संजय दत्त के साथ। वह अभी भी उसी तरह हैं।' वीडियो में 'मुसाफिर' का गाना 'ओ साकी' बज रहा है। संजय गुप्ता के निर्देशन में बनी फिल्म 'मुसाफिर' (2004) में अनिल कपूर, आदित्य पंचोली, महेश मांजरेकर और शक्ति कपूर भी अहम भूमिकाओं में थे। कोएना मित्रा ने इस फिल्म से एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत की थी। यह अमेरिकन फिल्म 'यू टर्न' (1997) की रीमेक थी। समीरा रेड्डी अपनी अपकमिंग फिल्म 'चिमनी' की रिलीज की तैयारी कर रही हैं। इसमें वह काली का किरदार निभाती नजर आएंगी। समीरा 'मैंने दिल तुझको दिया', 'रेस' और 'टैक्सी नंबर 9211' जैसी फिल्मों में अपने काम के लिए जानी जाती हैं। संजय दत्त हाल ही में फिल्म 'द राजा साब' और 'धुरंधर' में नजर आए हैं। वह जल्द ही 'धुरंधर 2' और 'राजा शिवाजी' का हिस्सा होंगे।



हॉलीवुड मसाला




# पीचनो संग नजर आए नूर

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के 85 साल के दिग्गज एक्टर अल पचीनो और उनकी 53 साल छोटी एक्स-गर्लफ्रेंड नूर अल्फल्लाह फिर से साथ आ गए हैं? यह सवाल इसलिए कि लॉस एंजिल्स में दोनों को एकसाथ डिनर पर देखा गया है। इसके बाद से ही उनके रिश्ते की मौजूदा स्थिति के बारे में अटकलें लगने लगी हैं। 32 साल की नूर अल्फल्लाह दिग्गज एक्टर के बेटे की मां भी हैं। साल 2023 में नूर ने बेटे रोमन को जन्म दिया। लेकिन, फिर दोनों की राहें अलग हो गईं।



# मुंबई में परफॉर्म करेंगे लिंकिन समेत 40 आर्टिस्ट

**मुंबई।** लोलापालूजा इंडिया 2026 में 24 से 25 जनवरी को मुंबई के महालक्ष्मी रेसकोर्स में वापसी कर रहा है। जिसमें चार स्टेजों पर 40 से अधिक भारतीय और अंतरराष्ट्रीय कलाकारों के साथ अब तक की सबसे बड़ी परफॉर्मेंस होगी। लोलापालूजा इंडिया 2026 मुंबई में फिर से आ रहा है, जिसमें लिंकिन पार्क, प्लेबॉय कार्टि और 40 से ज्यादा कलाकार शामिल होंगे। यह संगीत महोत्सव अपने चौथे साल में महालक्ष्मी रेसकोर्स पर होगा। मुंबई दो दिनों के लिए दुनिया भर के संगीत का केंद्र बन जाएगा। कार्यक्रम 24 जनवरी (शनिवार) और 25 जनवरी (रविवार) को होगा। चार मंचों पर 40 से ज्यादा विदेशी और भारतीय कलाकार 20 घंटे से अधिक लाइव संगीत देंगे। इस साल की सबसे बड़ी बात है रॉक बैंड लिंकिन पार्क का भारत में पहली बार आना। वे दूसरे दिन मुख्य शो करेंगे। यह उनका भारत में पहला प्रदर्शन होगा।




# कोहरा-2 ओटीटी पर 11 को होगी रिलीज

**मुंबई।** ओटीटी पर 'कोहरा' की अपार सफलता के बाद, बरुण सोबती और उनकी टीम एक नए सीजन 'कोहरा 2' के साथ वापसी कर रहे हैं। इस बार मोना सिंह एक सख्त पंजाबी पुलिस अधिकारी के रूप में शो में शामिल हो रही हैं। मंगलवार को निर्माताओं ने 'कोहरा 2' की ओटीटी रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। 'कोहरा 2' 11 फरवरी 2026 से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीमिंग शुरू हो जाएगा। यह सीरीज केवल नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है। मेकर्स ने एक 'कोहरा 2' का नया पोस्टर शेयर किया। इसके साथ कैप्शन में लिखा, 'धुंध में सच खो जाता है, आइए इस नए शहर में सच को ढूंढें।' यह सीरीज क्राइम, रहस्य और ड्रामा से भरी होगी। पॉपुलर वेब सीरीज 'कोहरा' का दूसरा सीजन अब वापस आ रहा है। पहला सीजन काफी पसंद किया गया था।



# फिल्म की राजनीति से कोई आपत्ति नहीं

**मुंबई।** रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर 47 दिनों बाद भी बॉक्स ऑफिस पर बनी हुई है। फिल्म ने कमाई के कई कीर्तिमान भी स्थापित किए हैं। दर्शकों से लेकर कई सेलेब्स तक ने 'धुरंधर'की जमकर तारीफ की है। हालांकि, फिल्म की पॉलिटिक्स को लेकर एक बहस चलती रही। अब निर्देशक करण जौहर ने फिल्म की जमकर तारीफ करने के बाद, फिल्म की पॉलिटिक्स पर भी अपनी राय रखी है। करण ने ये माना कि फिल्म को लेकर जनता की राय बंटी हुई है और दर्शकों का एक वर्ग इसके राजनीतिक रुख से सहमत नहीं है। हालांकि, निर्माता ने माना कि उन्हें फिल्म की राजनीति से कोई आपत्ति नहीं है। सच कहूं तो मुझे फिल्म की राजनीति से कोई आपत्ति नहीं है। करण ने कहा कि सिनेमा के छात्र के रूप में उन्हें रणवीर सिंह अभिनीत यह फिल्म बहुत पसंद आई थी।

टीवी मसाला



# दिव्या गणेश ने जीती 'बिग बॉस तमिल सीजन-9' की ट्रॉफी

**मुंबई।** कई दिनों तक टीवी और सोशल मीडिया पर 'बिग बॉस तमिल सीजन 9' को लेकर चले हाई-वोल्टेज ड्रामा, टॉफ टास्क और इमोशनल मूमेंट के बाद, विजय सेतुपति द्वारा होस्ट किए गए इस 9वें सीजन का ऑफिशियल एंड हो चुका है। इस सीजन की विनर एक्ट्रेस दिव्या गणेश रहीं। ये एक ऐसा सीजन था, जिसने दर्शकों को तीन महीने से अधिक समय तक शो से बांधे रखा। बीते साल 5 अक्टूबर, 2025 को शुरू हुए इस 9वें सीजन में 20 कंटेस्टेंट ने पार्टिसिपेट किया, जिनमें से चार और कंटेस्टेंट बाद में वाइल्डकार्ड एंट्री के रूप घर में आए थे। इस सीजन में जैसे-जैसे हफ्ते बितते गए, वैसे-वैसे ग्रुप बदलते गए और ये गेम और भी ज्यादा इंटेंस होता चला गया। वहीं, सीजन के अंत में इस गेम में मात्र चार फाइनलिस्ट को चुना गया, जिसमें दिव्या गणेश, सबरीनाथन, विक्कल्स विक्रम और अरोरा सिंक्लेयर का नाम था। बिग बॉस तमिल सीजन 9' के सभी कंटेस्टेंट को पछाड़कर ग्रैंड फिनाले में एक्ट्रेस दिव्या गणेश ने ट्रॉफी को अपने हाथों से लिफ्ट किया। उन्होंने ट्रॉफी के साथ-साथ इस सीजन की विनिंग मनी 50 लाख रुपए को भी अपने नाम किया। विनिंग मनी के साथ उन्हें एक बिल्कुल नई मारुति सुजुकी विक्टोरिया कार गिफ्ट की गई। वहीं, सबरीनाथन 9वें सीजन के रनर अप रहीं, जबकि विक्कल्स विक्रम और अरोरा सिंक्लेयर दूसरे और तीसरे नंबर पर रनरअप रहे।'बिग बॉस तमिल सीजन 9' को एक्टर विजय सेतुपति ने दूसरी बार होस्ट किया, इससे पहले उन्होंने पिछले सीजन को भी शानदार तरीके से शुरू किया था। उनसे पहले, 2017 में शुरू हुए इस शो को सुपरस्टार कमल हासन द्वारा 7 सीजन होस्ट किए गए।

## नागिन और तुलसी में जबरदस्त टक्कर

**नई दिल्ली।** पहले हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में टॉप पर सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' रहा। इसकी टीआरपी 2.3 की रही है। इन दिनों सीरियल में बहुत ड्रामा, ट्विस्ट देखने को मिल रहा है। लीड कैरेक्टर



तुलसी (स्मृति ईरानी) और मिहिर (अमर उपाध्याय) एक-दूसरे से अलग हो चुके हैं। हाल ही में तुलसी के कैरेक्टर की विरानी परिवार में वापसी हुई। सीरियल 'नागिन 7' इन दिनों दर्शकों को काफी पसंद आ रहा है। इस सीरियल ने पहले हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में दूसरे नंबर पर जगह बनाई है। इसकी टीआरपी 2.1 की है। 'नागिन 7' में लीड रोल में प्रियंका चाहर चौधरी हैं। सीरियल को एकता कपूर ने प्रोड्यूस किया है। कुछ हफ्तों में ही इस सीरियल ने अपने लिए टीआरपी लिस्ट में जगह बना ली है। इस साल के पहले हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में 'अनुपमा' सीरियल तीसरे नंबर पर रहा। इस बार इसे 2.1 की रेटिंग मिली है। यह 'नागिन 7' से पीछे रहा। जबकि पिछले साल की टीआरपी लिस्ट में 'अनुपमा'सीरियल ने हमेशा ही पहले और दूसरे नंबर पर अपने लिए जगह बनाई थी।

# धुरंधर के सीक्वल का नाम 'धुरंधर: द रिवेंज'

**मुंबई।** अक्षय खन्ना, रणवीर सिंह, संजय दत्त, अर्जुन रामपाल, सारा अर्जुन, राकेश बेदी जैसे कलाकारों से सजी 'धुरंधर' बॉक्स ऑफिस पर रिलीज के 46 दिन बाद भी टिकी हुई है। इस मूवी का दो महीने बाद दूसरा पार्ट भी आएगा, जिसको लेकर फैंस अभी से ही एक्साइटेड हैं। अब इसके टाइटल को लेकर एक नई जानकारी सामने आई है। 'धुरंधर 2' का नाम 'धुरंधर द रिवेंज' रखा गया है। साथ ही सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन ने फिल्म के सीक्वल के टीजर को हरी झंडी दिखा दी है, जिसका समय 1 मिनट से ज्यादा का है। साथ ही मूवी को ए सर्टिफिकेट दे दिया गया है, जिसे 'बॉर्डर 2' के साथ दिखाया जाएगा। सनी देओल और रणवीर सिंह की फिल्म देशभक्ति पर हैं और इसी का फायदा जियो स्टूडियोज की टाम उठाना चाह रही है। 'धुरंधर' के अंत में दिखाए गए क्रेडिट नोट से नया टीजर लिया गया है और उसे बड़े पर्दे पर दिखने के बाद डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर भी जारी किया जाएगा। 'धुरंधर' में जहां अक्षय खन्ना के किरदार रहमान डकैत की मौत हो जाती है। वहीं खबर है कि वह 'धुरंधर द रिवेंज' में भी दिखाई देंगे। उन्होंने एक हफ्ते अपने हिस्सा की शूटिंग भी की है। इनके अलावा, रणवीर सिंह, आर माधवन, संजय दत्त, अर्जुन रामपाल, राकेश बेदी, सारा अर्जुन दिखाई देंगे। पहले पार्ट ने अब तक भारत में 826.50 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया है। वहीं वर्ल्डवाइड इसने 1283.5 करोड़ रुपए कमा लिए हैं।



### 19 मार्च को होगी रिलीज

आदित्य धर की डायरेक्टेड फिल्म 'धुरंधरः द रिवेंज' 19 मार्च को थिएटर्स में ईद के मौके पर रिलीज होगी। इसका क्लैश यश की 'टॉक्सिक' से होगा। जिसके टीजर के आने के बाद इंटरनेट पर दोनों के फैंस दो गुटों में बंट गए थे। दोनों ही बड़ी फिल्में हैं और दोनों का अलग कलेवर। अब देखना होगा कि किसकी चित होती है और किसकी पट।

# रहस्यमयी फिल्म अस्सी का पोस्टर बना पहेली, फरवरी में होगी रिलीज

**मुंबई।** सोशल मीडिया पर एक फिल्म का अनाउंसमेंट लोगों का ध्यान खींच रहा है। इसमें रिलीज डेट के सिवाय कुछ भी बताया नहीं गया है। टाइटल के नाम पर लिखा है अस्सी। यह मूवी सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। एक्स पर कई एंटरटेनमेंट हैंडल्स और क्रिटिक्स ने इसका पोस्टर शेयर किया है। अस्सी के साथ में एक पहेलीनुमा हिंट है साथ ही अर्जेंट देखने की अपील भी है। मंगलवार को वायरल हुआ एक फिल्म का पोस्टर लोगों के दिमाग में कुलबुलाहट पैदा कर रहा है। लाल रंग के पोस्टर पर लिखा है, अस्सी। प्रतिदिन। हर दिन। साथ में मैसेज है, अगर आपको पता होता कि ये क्या है। एक दिन में अस्सी बार। हर दिन। हर बीस मिनट में और जब सच में आपको पता चलता है तो बहुत तेज हिट करता है, बहुत तेज। अस्सी, 20 फरवरी को सिनेमाघरों में। तुरंत देखनी चाहिए। इस अनाउंसमेंट की खास बात ये है कि इसमें एक्टर, डायरेक्टर, प्रोडक्शन हाउस किसी भी चीज की जानकारी नहीं दी गई है। अनाउंसमेंट पर डिसकशन शुरू हो चुका है। सोशल मीडिया पर कई लोग लिख रहे हैं कि यह अलग तरह की मार्केटिंग स्ट्रैटजी है। लोग इस बात पर भी हैरानी जता रहे हैं कि फिल्म की कास्ट में कोई बड़ा चेहरा नहीं दिखाया गया है। अस्सी को लेकर सुगबुगाहट शुरू हो चुकी है लेकिन अब तक पता नहीं चल पाया कि 20 फरवरी को थिएटर्स में क्या देखने को मिलेगा। पोस्ट शेयर करने वालों ने लिखा है कि इससे जुड़ी और डिटेल्स बाद में शेयर की जाएगी। 20 फरवरी को सिद्धांत चतुर्वेदी की दो दीवाने एक शहर में रिलीज हो रही है। वहीं 13 फरवरी को शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी की ओ रोमियो रिलीज हो रही है।




## 70 और 80 के दशक में बॉलीवुड पर राज करने वाली परवीन को मिली गुमनाम मौत

# अमिताभ संग बनी हिट जोड़ी, 2 फिल्मों में बयां हुई प्यार की कहानी

### नवाब परिवार से था ताल्लुक

परवीन बॉबी किसी सामान्य परिवार से नहीं आती थीं, उनका संबंध एक नवाब परिवार से था। पिता वली मोहम्मद खान बॉबी जूनागढ़ के आखिरी नवाब थे। परवीन बॉबी का जन्म अपने माता-पिता की शादी के 14 साल बाद हुआ। 4 अप्रैल 1954 को जूनागढ़ के सौराष्ट्र (अब गुजरात में) के शाही परिवार में वह जन्मी थीं। 54 कमरों की हवेली में उनका लालन-पालन हुआ। पढ़ाई भी सेंट जेवियर्स जैसे नामी कॉलेज से हुईं। पढ़ाई के बाद परवीन बॉबी ने मॉडलिंग से अपने करियर की शुरुआती की। परवीन का मॉडलिंग करियर 1971 में शुरू हुआ, यही एक फिल्ममेकर की नजर उन पर पड़ी और फिल्मी सफर की कहानी शुरू हुई।

### बिग बी संग की कई हिट फिल्में

1973 में फिल्म 'चरित्र'से परवीन बॉबी ने बॉलीवुड में कदम रखा। पहली फिल्म में उनकी एक्टिंग, ब्यूटी को सराहा गया। परवीन के पास फिल्मों के ऑफर आने लगे। परवीन बॉबी ने अमिताभ बच्चन के साथ लगभग 8 से 10 फिल्में की, जो काफी हिट रहीं। इसमें 'अमर अकबर एंथोनी' से लेकर 'दीवार' और 'कालिया' जैसी फिल्में शामिल थीं। सिर्फ अमिताभ ही नहीं, शशि कपूर, संजय खान जैसे कई नामी एक्टर्स के साथ परवीन बॉबी ने बड़े पर्दे पर अभिनय किया।



*नई दिल्ली। सिर्फ 18 साल का फिल्मी कॅरियर और 70 फिल्में करके भी परवीन बॉबी ने बॉलीवुड में सफलता की ऊंचाइयों को हासिल किया। फिर अचानक वह बॉलीवुड से गायब हो गईं। एक दिन इस चर्चित एक्ट्रेस की मौत की खबर ने फैंस और बॉलीवुड को हिलाकर रख दिया। दो दिन तक अखबार और घर का सामान दरवाजे पर ही पड़ा रहा, किसी ने दो दिन तक घर का दरवाजा नहीं खोला। सोसायटी के सेक्रटी को संदेह हुआ कि कुछ दिक्कत है। पुलिस को फोन किया गया। घर का दरवाजा खोला गया, सामने का नजारा विचलित करने वाला था, बॉलीवुड की सबसे मशहूर और सुंदर अदाकारा मृत पड़ी थीं। नाम था, परवीन बॉबी। 70 और 80 के दशक में बॉलीवुड पर राज करने वाली परवीन बॉबी को एक गुमनाम मौत मिली।*

### लव लाइफ को लेकर भी रही खूब चर्चा

परवीन बॉबी बडे पर्दे पर बोल्ड रोल करने के लिए भी जानी जाती थीं, उन्होंने एक बोल्ड एक्ट्रेस की इमेज से भी दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई। अपनी लव लाइफ को भी एक्ट्रेस ने कभी छुपाया नहीं। पहले वह एक्टर डैनी डेन्जोंगपा के साथ रिलेशनशिप में रहीं। जब दोनों का ब्रेकअप हुआ तो वह कबीर बेदी के साथ रिश्ते में आईं। आगे चलकर इनकी राहें भी जुदा हो गईं। फिर महेश भट्ट और परवीन बॉबी का अफेयर भी कुछ वक्त तक रहा। इस रिश्ते के दौरान ही महेश भट्ट को पता चला कि परवीन बॉबी सिजोफ्रेनिया नाम की मानसिक बीमारी से ग्रस्त हो चुकी हैं। महेश भट्ट ने मेडिकल हेल्प के जरिए परवीन बॉबी की मदद करने की कोशिश की। लेकिन, इस बीमारी ने परवीन बॉबी का जीवन मुश्किल कर दिया। वह उन चीजों को देखतीं या महसूस करती थीं, जो सच में नहीं होती थीं। उन्हें लगता था कि हर कोई उन्हें मारना चाहता है।

### जिंदगी पर बनीं ये दो फिल्में

परवीन बॉबी ने बड़े पर्दे पर ही अभिनय नहीं किया, उनकी जिंदगी के एक अहम पहलू पर फिल्में तक बनीं। डायरेक्टर महेश भट्ट ने 1982 में फिल्म 'अर्थ'लिखी और डायरेक्ट की। यह फिल्म कथित तौर पर परवीन बॉबी के साथ उनके रिश्ते पर एक सेमी-ऑटोबायोग्राफिकल फिल्म थी। अर्थ में स्मिता पाटिल का किरदार कविता, परवीन बॉबी से इंस्पायर था। इसके अलावा महेश भट्ट बैनर तले एक फिल्म 'वो लम्हें' बनीं, इस फिल्म को मोहित सूरी ने निर्देशित किया था, यह फिल्म भी परवीन बॉबी के आखिरी वर्षों की जिंदगी से इंस्पायर बताई जाती है। दोनों ही फिल्मों को क्रिटिक्स से लेकर दर्शकों ने खूब पसंद किया।

### क्या था मौत का कारण?

परवीन बॉबी अकेली रहा करती थीं, उम्र भी 50 साल हो चुकी थीं, बॉलीवुड की लाइमलाइट से वह दूर थीं। इसी बीच 22 जनवरी 2005 वह अपने घर में मृत मिलीं। जांच के बाद पता चला कि उनकी मौत 20 जनवरी 2005 को हुई थी। ऑटोप्सी में सामने आया था कि मौत से पहले कई दिनों उन्होंने कुछ नहीं खाया था, साथ ही उन्हें डायबिटिज की भी समस्या थी। पुलिस ने परवीन बॉबी की मौत में किसी तरह की गड़बड़ी या शक से इंकार किया। ऑटोप्सी रिपोर्ट्स में उनकी मौत का कारण ऑर्गन फेलियर ही बताया गया।

## खबर संक्षेप

### सरकारी व निजी स्कूल के छात्रों का मिलन समारोह

**खरखौदा।** शिक्षा निदेशालय के निर्देशानुसार सरकारी व निजी स्कूलों के विद्यार्थियों के मिलन समारोह मिलन समारोह आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फरमाणा के विद्यार्थियों का दल संत हरिदास शिक्षा सदन रिढाऊ पहुंचा। संस्कृत प्रवक्ता नरेंद्र दहिया व इतिहास प्रवक्ता पूनम सरोहा की अगुवाई में लगभग तीन दर्जन विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

### बाल विवाह कानूनन अपराधः विक्रम

**सोनीपत।** बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, सोनीपत और एमडीडी ऑफ इंडिया एनजीओ के संयुक्त सहयोग से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। पैनल अधिवक्ता विक्रम सैनी द्वारा गांव भुर्री मुरथल तथा दिनेश कुमार द्वारा गांव भटाना जाफराबाद में कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों में ग्रामीणों, महिलाओं, युवाओं और बच्चों को बाल विवाह की सामाजिक, शैक्षणिक, स्वास्थ्य संबंधी और कानूनी हानियों के बारे में जानकारी दी गई।



### राजनीति में युवा पीढ़ी का नेतृत्व करेंगे नितिन नबीन

**गोहाना।** कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि भाजपा की लोकतांत्रिक व्यवस्था में ही साधारण कार्यकर्ता को उसकी मेहनत के बलबूते असाधारण अवसर मिलना सम्भव है। कड़ी मेहनत, अनुभव के बेजोड़ उदाहरण के साथ भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष बने नितिन नबीन देश की राजनीति में युवा पीढ़ी का नेतृत्व करेंगे। विश्व की सबसे बड़ी राजनीति पार्टी की डोर आज एक सामान्य कार्यकर्ता से हाथों पहुंची है, जो कि भाजपा में ही संभव है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंच से उन्हें अपना बोस बताया है।

## गुरुग्राम में 31 जनवरी व 01 फरवरी को होगी राज्यस्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी

# विज्ञान प्रदर्शनी में 7 छात्र वैज्ञानिक सोच पर प्रस्तुत करेंगे मॉडल

*कक्षा 9वीं से 12वीं तक के जिलास्तरीय विजेता विद्यार्थी लेंगे राज्यस्तरीय प्रदर्शनी में भाग, नवाचार एवं अपनी वैज्ञानिक दृष्टि को करेंगे प्रस्तुत*

*विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत थीम पर होगा राज्यस्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन, निदेशालय की ओर से जारी की गई गाइडलाइन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला के राजकीय व निजी विद्यालयों के 07 विद्यार्थियों का राज्यस्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी के लिए चयन किया गया है। यह विद्यार्थी प्रदर्शनी में भाग लेकर अपने अभिनव मॉडल व परियोजनाओं के माध्यम से नवाचार एवं वैज्ञानिक सोच को प्रदर्शित करेंगे।

विद्यालय शिक्षा निदेशालय के तत्वावधान में 31 जनवरी व 01 फरवरी को गुरुग्राम में राज्यस्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को राष्ट्र स्तर तक पहुंचाना है, ताकि वह अपनी सोच से आत्मनिर्भर बन सकें।

राज्यस्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का थीम विकसित एवं आत्मनिर्भर रहेगा। इस आयोजन को लेकर निदेशालय ने जिला शिक्षा विभाग को गाइडलाइन भी जारी की है। इससे पहले जिला शिक्षा विभाग ने कार्यक्रम के दो चरणों को पूरा करते हुए खंड व जिला स्तर पर विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से इन विद्यार्थियों का चयन किया है। जिलास्तर पर विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से जिलाभर के विभिन्न विद्यालयों के 126 में से 07 विद्यार्थियों का चयन किया गया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान व गणित विषय के प्रति उनकी जिज्ञासा को बढ़ावा देना है। साथ ही उनकी वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देकर नवाचार की भावना को प्रोत्साहित कर राष्ट्र स्तर तक उनकी प्रतिभा को पहचान दिलाना है।

जिला विज्ञान विशेषज्ञ सुरेंद्र सिंह ने बताया कि विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम में खासकर केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से मान्यता प्राप्त राजकीय विद्यालयों व हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड से मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों के विद्यार्थियों को शामिल किया गया है। सीबीएसई से संबंधित निजी स्कूल विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम में शामिल नहीं किए गए हैं। चयनित विद्यार्थी अब राज्यस्तर पर विभिन्न मॉडलों के माध्यम से विज्ञान के प्रति अपने ज्ञान को साझा करेंगे।




### इन विषयों पर प्रस्तुत किए जाएंगे मॉडल

- जल संरक्षण एवं प्रबंधन
- उभरती प्रौद्योगिकियां
- सतत कृषि
- हरित ऊर्जा
- मनोरंजन संबंधी गणितीय मॉडलिंग
- अपशिष्ट प्रबंधन एवं प्लास्टिक के विकल्प
- स्वास्थ्य एवं स्वच्छता

### राज्यस्तर के लिए चयनित विद्यार्थी व मार्गदर्शक शिक्षक

- सोनीपत के मॉडल टाउन स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से हार्दिक व शिक्षक नीना।
- खरखौदा के प्रताप सिंह मेमोरियल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से अर्जुन हुड्डा व शिक्षक मनजीत।
- गांव दातौली स्थित पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से राधिका व शिक्षक मीनू।
- गांव थाना कलां स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय से तरुण कुमार व शिक्षक रीना।
- गांव फरमाना स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से दीक्षांत व शिक्षक मनीष कुमार।
- गांव भंडेरी स्थित सीआर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से नितिका व शिक्षक रितू मोर।
- गोहाना के जेएलएन विद्यालय से तनिष्का शर्मा व शिक्षक शुभम।

### कार्यक्रम की यह है रूप रेखा

- इस वर्ष विज्ञान प्रदर्शनी का थीम "विकसित एवं आत्मनिर्भर" रखा गया है।
- सीबीएसई से जुड़े निजी विद्यालयों को इस कार्यक्रम में शामिल नहीं किया गया है।

### विजेता राष्ट्र स्तर पर लेंगे हिस्सा

जिलास्तर पर विज्ञान प्रदर्शनी में जिले के कक्षा 9वीं से 12वीं तक के चयनित 07 विद्यार्थी 31 जनवरी व 01 फरवरी को गुरुग्राम में होने वाली राज्यस्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में अपने मॉडल एवं परियोजना के माध्यम से वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार को प्रस्तुत करेंगे। प्रदर्शनी में उच्च शिक्षा अधिकारी विद्यार्थियों के मॉडल का मूल्यांकन करेंगे। विजेताओं को राष्ट्र स्तर पर होने वाली विज्ञान प्रदर्शनी में शामिल होने का मौका मिलेगा।

-नवीन गुलिया, जिला शिक्षा अधिकारी, सोनीपत



**गन्नौर।** नपा चेयरमैन अरूण त्यागी व सचिव प्रदीप खर्ब पार्षदों व नपा स्टाफ के साथ बैठक करते हुए।

आज से होगा वेरिफिकेशन

## पेंशन व अन्य योजनाओं के सत्यापन को लेकर बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

नगरपालिका सभा कक्ष में मंगलवार को गन्नौर नगरपालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी की अध्यक्षता में सभी पार्षदों की बैठक हुई। बैठक में नगरपालिका सचिव प्रदीप खर्ब व नगरपालिका का पूरा स्टाफ मौजूद रहा। बैठक में हरियाणा नगरपालिका भागीदारी अधिनियम, 2008 के तहत चल रही सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के सत्यापन कार्य को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए निर्देश दिए गए। सचिव प्रदीप खर्ब ने बताया कि वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन और दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के लाभार्थियों का वेरिफिकेशन कार्य किया जाना है। इसके लिए प्रत्येक वार्ड की सूची तैयार कर पार्षदों को सौंप दी गई है। यह वेरिफिकेशन कार्य मंगलवार 21 जनवरी को सभी वार्डों में किया जाएगा। प्रत्येक वार्ड में वेरिफिकेशन के लिए स्थान भी पहले से ही तय कर दिए गए हैं।

### कर्मी रहेंगे मौजूद

नगरपालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी ने बताया कि वेरिफिकेशन प्रक्रिया के दौरान संबंधित वार्ड के पार्षद, बीएलओ, आशा वर्कर तथा नगरपालिका के दो कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहेंगे। बैठक में पार्षदों से आह्वान किया कि वे भी सत्यापन कार्य में सहयोग करवाए। वृद्धावस्था पेंशन के सत्यापन के लिए 2019 से पहले का वोटर कार्ड, 10वीं की मार्कशीट या स्कूल से संबंधित कोई प्रमाण पत्र अथवा जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड और फैमिली आईडी अनिवार्य होगी। वहीं विधवा पेंशन के लिए इन दस्तावेजों के साथ पति का मृत्यु प्रमाण पत्र भी आवश्यक रहेगा। दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के सत्यापन के लिए बिजली बिल, रिहायशी प्रमाण पत्र, फैमिली आईडी, आधार कार्ड और आयु से संबंधित प्रमाण पत्र मांगे गए हैं। नगरपालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी ने कहा कि योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचे और लोगों को कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि गन्नौर नगरपालिका इस मुहिम में पूरी सक्रियता से भागीदारी निभाएगी, ताकि पात्र लाभार्थियों को घर बैठे सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके।

## विद्यार्थी स्वास्थ्य के लिए करें योगः नरेश

- गांव कथूरा स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 7 दिवसीय एनएसएस शिविर सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गांव कथूरा स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित 7 दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन हो गया। शिविर के समापन सत्र में विद्यार्थियों को योग के स्वास्थ्य लाभों बारे में जानकारी दी गई।

योग आचार्य नरेश ने कहा कि विद्यार्थी शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। वे रोजाना क्रियाओं का अभ्यास करें। योगाचार्य ने विद्यार्थियों को अनुलोम-विलोम, प्राणायाम, कपालभाती और मयूरासन सहित विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास करवाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य संजय हुड्डा ने की और संयोजन एनएसएस इंचार्ज समृद्धि रानी और सहायक हेमलता का रहा। शिविर के आयोजन में शास्त्री रामदिया का विशेष सहयोग रहा। योगाभ्यास के बाद कार्यक्रम में स्वयंसेविकाओं ने जंक फूड के स्वास्थ्य पर पडऩे वाले विपरित प्रभावों पर लघु नाटक की प्रस्तुति दी और पारंपरिक खानपान का सेवन करने की प्रेरणा दी।



**गोहाना।** विद्यार्थियों को योग क्रियाओं का अभ्यास करवाते हुए योगाचार्य नरेश।

## पीएम आवास योजना के तहत मिलेगी दूसरी किस्त

*जिला पार्षद ने अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय में संबंधित अधिकारियों से समस्या का समाधान करवाने की मांग की*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र परिवारों को फरवरी माह में दूसरी किस्त खातों में जारी की जा सकती है। पात्र परिवारों को दूसरी किस्त न मिलने पर उनकी समस्या को देखते हुए जिला पार्षद संजय बड़वासनी ने मंगलवार को अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय में संबंधित अधिकारियों से समस्या का जल्द समाधान करवाने की मांग की। अधिकारियों ने अगले माह प्रधानमंत्री आवास योजना की दूसरी किस्त जारी करने का आश्वासन दिया। इस दौरान कई पात्र परिवार भी मौजूद रहे।

इससे पहले भी जिला पार्षद संजय बड़वासनी ने जिला परिषद की बैठक के दौरान भी पात्र परिवारों की उक्त मांग को उठाया था, ताकि पात्र परिवार अपने अधूरे पड़े मकानों के निर्माण को पूरा करवा सकें। जिला पार्षद का कहना है कि कई पात्र परिवारों ने कर्ज लेकर अपने अधूरे मकानों का निर्माण करवा लिया है, लेकिन कई परिवार अपने अधूरे पड़े मकानों का अभी भी निर्माण करवाने वंचित हैं। बैठक के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त व जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने भी पात्र परिवारों को जल्द दूसरी किस्त जारी करवाने का आश्वासन दिया था। दूसरी किस्त जारी होने से पात्र परिवारों को लाभ मिल सकेगा। वहीं अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि दूसरी किस्त के बाद तीसरी किस्त भी जल्द जारी करवाने का प्रयास किया जाएगा। जिला पार्षद का कहना है कि सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना को लागू किया है, लेकिन इसे जमीनी स्तर पर लागू करवाना जरूरी है, ताकि पात्र परिवारों को इधर-उधर न भटकना पड़े।



**सोनीपत।** गोहाना रोड स्थित अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय में पात्र परिवारों के साथ मौजूद जिला पार्षद संजय बड़वासनी।

## इनेलो के पूर्व प्रत्याशियों ने पार्टी के जनसंपर्क से बनाई दूरी



**खरखौदा।** जनसंपर्क अभियान की अगुवाई करते अनूप सिंह दहिया।

**खरखौदा।** इनेलो द्वारा 22 जनवरी को जिला मुख्यालय पर युवा सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। जिसे सफल बनाने के उद्देश्य से जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इनेलो नेताओं ने मंगलवार को विधानसभा क्षेत्र के ककरोई, खेड़ी दहिया, भदाना, निरथान, नक़लोई सिलाना, खांडा, चोलका आदि गांवों का दौरा किया। अचरज की बात यह है कि इनेलो ने जिन्होंने पार्टी टिकट पर चुनाव लड़ाया वही आड़े वक्त में पार्टी के साथ नहीं हैं। खरखौदा विधानसभा क्षेत्र के सुरक्षित के बाद वर्ष 2009 में राजू धानक ने चुनाव लड़ा। वह इन दिनों भाजपा में हैं। यह बात अलग है कि कथित उपेक्षा के चलते उदासीन बने हुए हैं। वर्ष 2014 में इनेलो ने अनीता खांडा को प्रत्याशी बनाया था। पिछले विधानसभा चुनाव से पहले वह कांग्रेस में शामिल हो गयी।



**सोनीपत।** विजेताओं के साथ प्राचार्या एवं अन्य।

### नैंशी और सुनैना ने हासिल किए ब्रॉन्ज मेडल व नकद पुरस्कार

**सोनीपत।** बांग्लादेश में आयोजित अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिताओं में टीकाराम गर्ल्स कॉलेज की खिलाड़ी नैंशी और सुनैना मलिक ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल हासिल कर कॉलेज और देश का नाम रोशन किया। दोनों खिलाड़ियों ने बंग्लादेश इंटरनेशनल चैलेंज बैडमिंटर वूमेंस डबल प्रतियोगिता में 16 से 20 दिसंबर के बीच क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय किया और 140 डॉलर का नकद पुरस्कार जीता। इसके साथ ही 22 से 26 दिसंबर 2025 तक आयोजित बंग्लादेश इंटरनेशनल सीरीज में सेमीफाइनल में पहुंचकर तीसरा स्थान प्राप्त किया और 125 डॉलर का कैश प्राइज हासिल किया।

## फसल अवशेष प्रबंधन योजना के तहत कृषि यंत्रों का किया सत्यापन

*30 प्रतिशत अनुदान राशि किसानों को मिल चुकी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

फसल अवशेष प्रबंधन योजना के तहत हरियाणा सरकार द्वारा किसानों को कृषि यंत्रों पर दी जा रही अनुदान राशि का दूसरा भौतिक सत्यापन कार्य मंगलवार को नई अनाज मंडी में किया गया। उक्त प्रक्रिया के तहत 72 किसानों के सुपरसीडर कृषि यंत्रों का भौतिक सत्यापन किया गया, जो कृषि अधिकारी डॉ. राहुल सैनी की देखरेख में संपन्न हुआ।

सत्यापन कार्य पूरा होने के बाद किसानों को मिलने वाली अनुदान राशि का भुगतान शीघ्र किया जाएगा। डॉ सैनी ने बताया कि फसल अवशेष प्रबंधन योजना के अंतर्गत सरकार द्वारा कृषि यंत्रों पर कुल 80 प्रतिशत तक अनुदान प्रदान किया जाता है। इसमें से पहले चरण में किसानों को लगभग 30 प्रतिशत अनुदान राशि पहले ही उनके खातों में जारी की जा चुकी है। शेष 70 प्रतिशत बकाया अनुदान राशि दूसरे भौतिक सत्यापन के बाद जारी की जाती है। उन्होंने बताया कि जिन किसानों का आज सत्यापन पूरा हुआ है, उनकी बकाया 70 प्रतिशत राशि एक-दो दिन के भीतर सीधे किसानों के बैंक खातों में भेज दी जाएगी।



**गन्नौर।** कृषि यंत्रों का सत्यापन करते कृषि अधिकारी ।



**खरखौदा।** कृषि यंत्रों का भौतिक सत्यापन करते कृषि अधिकारी

### कृषि अधिकारियों ने किया अनुदान पर खरीदी गई सुपरसीडरों का सत्यापन

**खरखौदा।** कृषि विभाग द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन योजना के तहत किसानों को दिए जाने वाले अनुदान पर खरीदी गई मशीनरी सुपरसीडर का भौतिक सत्यापन किया गया। इससे पहले उपायुक्त जांच समिति ने किसानों की मशीनों को पोर्टल पर सत्यापित किया था। अब दूसरी बार किसानों की मशीनों का मंगलवार को मटिंडू मार्ग पर सत्यापन किया गया है। पोर्टल पर सत्यापन करने पर किसानों की सब्सिडी उनके खातों में पोर्टल के माध्यम से चली जाएगी। सत्यापन कार्य में 64 सुपरसीडर का निरीक्षण किया गया। इस मौके पर सोनीपत खंड कृषि अधिकारी डॉ दीपक शर्मा, मृदा कृषि निरीक्षक विनय गुलिया, कृषि पर्यवेक्षक विकास चौधरी, रघुराज सिंह दहिया व राई से पवन, विशाल द्वारा निरीक्षण किया गया।

## भाषण प्रतियोगिता में जतिन अव्वल

*बड़ौता में सरस्वती विरासत पर निबंध लेखन प्रतियोगिता हुई*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

सरस्वती महोत्सव के अंतर्गत मंगलवार को गांव बड़ौता स्थित राजकीय महाविद्यालय में सरस्वती विरासत विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। यह प्रतियोगिता महाविद्यालय की संस्कृति समिति व हिंदी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुई जिसमें प्रतिभागी विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

भाषण प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष के छात्र जतिन अव्वल रहे। बीएससी प्रथम वर्ष के छात्र हिमांशु ने द्वितीय और बीसीए द्वितीय वर्ष की छात्रा रितिका व बीए तृतीय वर्ष के छात्र चेतराम संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया।

प्रतियोगिता की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार ने की। निर्णायक की भूमिका डॉ. सरिता मलिक, डॉ. मीना देवी और शान देवी ने निभाई। भाषण प्रतियोगिता का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों को समृद्ध सांस्कृतिक विरासत एवं सरस्वती नदी के ऐतिहासिक महत्व के प्रति जागरूक करना था।



**गोहाना।** प्रतियोगिता में विजेता घोषित विद्यार्थी अपने गुरुजनों के साथ।

## माय भारत सोनीपत ने करवाई जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता

# युवाओं ने विभिन्न खेलों में दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

माय भारत सोनीपत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में सुभाष स्टेडियम, सोनीपत में जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक निखिल मदान रहे, जबकि जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन और समन्वय जिला युवा अधिकारी ब्रिजेश कौशिक द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में जिले के युवाओं ने खो-खो, कबड्डी, लंबी कूद और 200 मीटर दौड़ जैसी स्पर्धाओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। खो-खो लड़कियों में गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल मुरथल ने पहला, खेवड़ा टीम मुरथल ने दूसरा और टीम ईगल गन्नौर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कबड्डी लड़कों में बजाना खुर्द गन्नौर प्रथम, फ्यूचर कबड्डी अकादमी मुरथल द्वितीय और टीम सिसाना खरखोदा तृतीय स्थान पर रही। लंबी कूद लड़कियों में खुशी, सिमरन और बंटी तथा लड़कों में शाहिद, दीपेश और शोएल विजेता रहे। 200 मीटर दौड़ लड़कों में रौनक चौहान, जय और अंकित तथा लड़कियों में वंशिका, शगुन और राखी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल किया।



**सोनीपत।** विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए विधायक साथ में अन्य अतिथि एवं अधिकारी।

### प्रतिभागियों को आगे बढ़ने के लिए किया प्रेरित

मुख्य अतिथि निखिल मदान ने युवाओं की प्रतिभा की सराहना करते हुए खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में डॉ सुरेश कालरा, कोच विकास दहिया, राकेश जोगी, नरेश राठोड़ और संजय चावरिया विशिष्ट अतिथि रहे। मुख्य कोच की भूमिका अशोक कादयान और मंजीत गुलिया ने निभाई।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन की नियुक्ति पर मनाई खुशियां, बांटी मिठाइयां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत


सोनीपत। लड्डू बांटकर खुशी मनाते भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।

सोनीपत के कालूपुर क्षेत्र स्थित वार्ड नंबर 17 में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन की नियुक्ति पर खुशी का माहौल रहा। इस अवसर पर एससी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अनिल ग्रोवर नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिठाई खिलाकर एक-दूसरे को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में एससी मोर्चा भाजपा जिला अध्यक्ष शमशेर सिंह तुफान विशेष रूप से पहुंचे और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

इस दौरान जिला महामंत्री कृष्ण प्रधान एससी, सीमा ग्रोवर जिला सचिव, कृष्ण जिला सचिव किसान मोर्चा, सुनील वशिष्ठ, यशबीर, सुरत सिंह, वेद कालूपुर, सुरेन्द्र जोगी, संदीप वत्स, रोहताश सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने नितिन नबीन के नेतृत्व में पार्टी को और अधिक मजबूती मिलने की उम्मीद जताई। कार्यकर्ताओं ने कहा कि नई नियुक्ति से संगठन को नई दिशा और ऊर्जा मिलेगी।



## उज्ज्वल भविष्य की कामना की

*सोनीपत। सेक्टर-14 स्थित सामुदायिक केंद्र में मंगलवार को शहीद भगत सिंह मंडल की कार्यकारिणी के सदस्यों ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन की सर्वसम्मति से स्थायी नियुक्ति पर खुशी जताई। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पंडित अमित शौनक ने बताया कि नितिन नबीन को पहले भाजपा का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। सोमवार को भाजपा शीर्ष मंडल ने उन्हें स्थायी राष्ट्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष आरती शर्मा, सुरेंद्र मदान, हरिप्रकाश सैनी, एमएल आहूजा, मुकेश सैनी, अमन डूडेजा, सागर चोपड़ा, राहुल जैन, गौरव प्रजापत, अधिवक्ता नकीन मेहरा, विभोर वधवा, दीपक खत्री, आरती बंसल, पूनम काजला मौजूद रही।*

## नबीन के नेतृत्व में पार्टी होगी मजबूत : पुनीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

- त्यागी समाज के प्रदेशाध्यक्ष व निगम पार्षद पुनीत राई के कार्यालय में हुआ आयोजन

भारतीय जनता पार्टी के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर गन्नौर क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी मनाई। त्यागी समाज के प्रदेशाध्यक्ष व निगम पार्षद पुनीत राई ने कार्यकर्ताओं को लड्डू खिलाकर खुशी मनाई तथा पार्टी के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन को राष्ट्रीयध्यक्ष बनने पर बधाई दी। पुनीत राई ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है और संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की मेहनत व अनुशासन से ही संभव है। उन्होंने विश्वास जताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के नेतृत्व में पार्टी संगठन और अधिक सशक्त होगा तथा केंद्र और राज्यों में सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को मजबूती मिलेगी। इस मौके पर राकेश कौशिक, विकास त्यागी, राकेश, शिवम शर्मा, राधे, भारत ढाका, प्रेम यादव, मोहित त्यागी, हिमांशु सैनी, सुरेंद्र शर्मा आदि मौजूद थे।


राई। निगम पार्षद व त्यागी समाज के प्रदेशाध्यक्ष पुनीत राई लड्डू बाटते हुए।


खरखौदा। एक दूसरे को लड्डू खिलाकर खुशी मानते भाजपा कार्यकर्ता।

## भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर


खरखौदा। नितिन नबीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में बैठक का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता युवा भाजपा नेता वीरेंद्र बड़ौली ने की। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि नितिन नवीन पांच बार बिहार के विधायक रह चुके है और उन्हें राजनीति का काफी अनुभव रखते हैं। उन्होंने जिस तरह संगठन को मजबूत करने में अपनी अहम भूमिका निभाई है। यही कारण है कि पार्टी हाईकमान ने उन्हें राष्ट्रीय अध्यक्ष की कमान सौंपी है। भाजपा द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलाकर जनता के हितों का ख्याल रखा जा रहा है। नितिन नबीन की नियुक्ति पर लड्डू बांटकर खुशी का इजहार किया। इस मौके पर रामनिवास खरखौदा, दिनेश ठेकेदार, शिव कुमार फतेहपुर, पूर्व पालिका पार्षद मोहन दहिया, जयप्रकाश फरमाना, लक्ष्मीदत्त, विजयपाल पांचाल सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।


गोहाना। लड्डू बांटते हुए भाजपा नेता और कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

## सोनीपत मार्ग स्थित भाजपा कार्यालय में कार्यक्रम

गोहाना। नितिन नबीन को भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस खुशी में मंगलवार को शहर में सोनीपत मार्ग स्थिता भाजपा जिला गोहाना कार्यालय पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने लड्डू बांटकर खुशी मनाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला गोहाना के अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक ने की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा अंत्योदय की नीति पर आगे बढ़ रही है। पार्टी की इस नीति से आज हर जरूरतमंद व्यक्तित तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है। भाजपा की इस नीति से भारत को एक विकसित राष्ट्र के रूप में पहचान मिली है। इस मौके पर जिला महामंत्री महेंद्र चिड़ाना व जितेन्द्र शर्मा, पवन शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी डॉ. राममेहर राठी, शेर सिंह बेडवाल, सतीश उरलाना, रवि नैन, वजीर भाटिया, बबलू बाल्मिकी, सतपाल, पूनम सरपंच, बबली देवी और लछमन दास खनगवाल उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### लघु सचिवालय के सामने वाहन खड़े करने पर पाबंधी

गन्नौर। लघु सचिवालय के मुख्य प्रवेश मार्ग पर रोजाना लगने वाले जाम से आमजन और कर्मचारी लगातार परेशान हैं। एंट्री का रास्ता संकरा होने के कारण यहां थोड़ी सी भी लापरवाही यातायात को पूरी तरह बाधित कर देती है। बावजूद इसके लोग प्रवेश द्वार की सड़क पर आसपास अपनी कारें खड़ी कर देते हैं, जिससे रास्ता बाधित हो जाता है।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कार्यक्रम 25 को

सोनीपत। 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर गोहाना रोड स्थित पुलिस लाईन में प्रातः 11 बजे जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं मे अव्वल रहे छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कार दिए जाएगे। उपायुक्त ने बताया कि इस दिन जिला की सभी छः विधानसभाओं के सभी मतदान केन्द्रों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

## उच्च अधिकारी करेंगे जांच, अप्रूवल के बाद जारी होगा बजट

# जाटजोशी में नए बस अड्डे को जल्द मिल सकती है हरी झंडी, डिजाइन तैयार

रविंद्र ठाकुर ▶▶| सोनीपत

### निर्माण करवाने के लिए 9.38 एकड़ जमीन का चयन

राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर गांव जाट जोशी की 9.38 एकड़ जमीन पर बनने वाले नए बस अड्डे के निर्माण को जल्द हरी झंडी मिल सकती है। दिल्ली इंटीग्रेटेड मल्टी मॉडल ट्रांजिट सिस्टम (डीआईएमटीएस) एजेंसी ने बस अड्डे के निर्माण को लेकर डिजाइन तैयार कर रोडवेज विभाग को सौंप दिया है। हालांकि विधायक व अधिकारियों की ओर से तैयार डिजाइन को फिलहाल मंजूरी नहीं दी है। अधिकारियों का कहना है कि उच्च अधिकारियों की ओर से डिजाइन की जांच के बाद अंतिम मंजूरी प्रदान की जाएगी। इसके बाद विभाग के अधिकारी बस अड्डे के निर्माण के लिए बजट तैयार कर मुख्यालय भेजेंगे। सोनीपत में नए बस अड्डे का निर्माण सार्वजनिक निजी साझेदारी (पीपीपी) मोड के तहत करवाया जाएगा। यहां करीब 250 बसों के संचालन के लिए बेड़ा तैयार करने की योजना है। सरकार व विभाग की ओर से सोनीपत में राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर दिल्ली से पानीपत की ओर फ्लाईओवर उतरते समय गांव जाट जोशी में नए बस अड्डे का निर्माण करवाने के लिए 9.38 एकड़ जमीन का चयन किया गया है। डीआईएमटीएस एजेंसी की ओर से तैयार किए गए डिजाइन को रोडवेज विभाग के उच्च अधिकारियों से अप्रूवल मिलने के बाद बजट तैयार कर टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी।


सोनीपत। सोनीपत बस अड्डा पर खड़ी रोडवेज व बीच में किलोमीटर के हिसाब से चलने वाली निजी बस।

### सुविधाओं को परखा जाएगा

राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर गांव जाट जोशी में बनने वाले नए बस अड्डे के लिए डीआईएमटीएस एजेंसी की ओर से डिजाइन विभाग को सौंपा गया है। अधिकारियों के साथ बैठक कर जल्द डिजाइन में शामिल की गई सुविधाओं को परखा जाएगा। इसके बाद आगामी निर्णय लिया जाएगा, ताकि बस अड्डे के नए भवन का जल्द निर्माण शुरू करवाया जा सके।

*-निखिल मदान, विधायक, सोनीपत*

### फिलहाल डिजाइन फाइनल नहीं

डीआईएमटीएस एजेंसी ने प्रथम चरण में डिजाइन तैयार करके विभाग को दिया है, फिलहाल डिजाइन को फाइनल नहीं किया गया है। उच्च अधिकारियों की ओर से डिजाइन को मंजूरी मिलने के बाद ही साझा किया जाएगा। अगर डिजाइन में खामियां पाई जाती हैं तो एजेंसी से दोबारा डिजाइन तैयार करवाया जा सकता है।

*-संजय कुमार, महाप्रबंधक, रोडवेज, सोनीपत।*

### पार्किंग व इलेक्ट्रिक बसों के लिए होगा चार्जिंग स्टेशन

नए बस अड्डे पर दोपहिया व चार पहिया वाहनों के लिए अलग-अलग पार्किंग की व्यवस्था किए जाने का प्रावधान रखा गया है। बस अड्डा परिसर में वाहन चालक अपनी-अपनी श्रेणी में वाहनों को खड़ा कर सकेंगे। इसके अलावा इलेक्ट्रिक बसों के लिए चॉर्जिंग स्टेशन बनाने की भी योजना है, ताकि यहां बसों को चार्ज कर लंबी दूरी सफर के लिए रवाना किया जा सके।

### कमर्शियल स्पेस से युक्त होगा नया भवन

शहर से बाहर गांव जाट जोशी में बनने वाले बस अड्डे का नया भवन कमर्शियल स्पेस (व्यावसायिक सुविधा) से युक्त रहेगा। यहां यात्रियों की सुविधा के लिए दुकानों का निर्माण करवाया जाएगा। यात्री बस अड्डा परिसर में ही खाद्य पदार्थों संबंधी सामान की खरीदारी कर सकेंगे। इस योजना को नए भवन के डिजाइन में शामिल किया गया है। इससे रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा।

## ड्रेन किनारे मिले बुजुर्ग महिला के शव का मामला

# निष्पक्ष जांच के आश्वासन पर परिजन अंतिम संस्कार को राजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

खरखौदा थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव मंड़ोरा के पास ड्रेन नंबर-8 के किनारे बुजुर्ग महिला का अर्धनग्न शव मिलने के मामले में इंसाफ की मांग को लेकर अंतिम संस्कार से इनकार कर रहे परिजन आखिरकार मान गए। पुलिस अधिकारियों की ओर से निष्पक्ष जांच और जल्द कार्रवाई का भरोसा दिए जाने के बाद मंगलवार दोपहर महिला का अंतिम संस्कार कर दिया गया। घटना को लेकर क्षेत्र में दिनभर तनावपूर्ण माहौल बना रहा। करीब 70 वर्षीय महिला का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई थी। महिला कुंडली थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली थी। परिजनों ने दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका जताई है।पुलिस ने सोमवार को खानपुर कलां स्थित बीपीएस मेडिकल कॉलेज में पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंपा, लेकिन दोषियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजनों ने अंतिम संस्कार से इनकार कर दिया था। हिला के भाई और बेटे का कहना था कि जब तक उन्हें न्याय का ठोस भरोसा नहीं मिलेगा, वे अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कुंडली थाना प्रभारी सेठी मलिक स्वयं मौके पर पहुंचे और परिजनों से बातचीत की। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच के लिए खरखौदा, कुंडली और सीआईए-1 की संयुक्त टीमें गठित की गई हैं। तीन विशेष टीमें हर पहलू से जांच कर रही हैं। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और संदिग्धों से पूछताछ जारी है। पुलिस के भरोसे और जल्द खुलासे के आश्वासन के बाद परिजन अंतिम संस्कार के लिए सहमत हो गए। पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है, जिसे जांच में अहम माना जा रहा है।

### रिपोर्ट के बाद की जाएगी कार्रवाई

परिजनों के सहयोग से अंतिम संस्कार करा दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है, जिसके आने के बाद स्थिति पूरी तरह स्पष्ट होगी और उसी के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस वारदात को अंजाम देने वालों का पता लगाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

*-सेठी मलिक, थाना प्रभारी कुंडली*

## देश की आर्थिक शक्ति बढ़ाने में जेन-जी की होगी अहम भूमिका



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मेयर एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने कहा कि पूरे विश्व में जहां युवा सरकारों से तंग आकर तख्ता पलट कर रहे हैं वहीं भारत के युवा सरकार की आर्थिक नीतियों से प्रसन्न होकर लगातार पार्टी का समर्थन कर सरकार बना रहे हैं। देश के जेन-जी की भारत को सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका होगी। राजीव जैन सरदारों वाली गली में नितिन नबीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के उपलक्ष में आयोजित उत्सव में बधाई देने के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह केवल भाजपा में ही संभव है कि नेताओं के परिवार को छोड़कर अन्य कार्यकर्ता भी पार्टी के सर्वोच्च पद पर पहुंच सकता है सभा को वरिष्ठ नेता माई राम कौशिक, ललित बत्रा, महामंत्री तरुण देवीदास मौजद रहे। भाजपा नेता ने कहा कि भाजपा की नीतियों से अलग होकर जो दल राजनीतिक पार्टी चली, वह रसातल में चली गई। इस अवसर पर चरण सिंह जोगी, राजकुमार शर्मा, नीरज सोनी, नरेश वर्मा, सुनीता लोहचब, सुरेन्द्र शर्मा, सतनारायण,अजय कुमार, करमबीर, सत्यवान भाटिया, बलबीर, सुल्तान सिंह, रमेश कुमार,कमल गोयल, सुनील, संदीप टाक, डॉ. टोनी, मुकेश एण्डी और अन्य पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


सोनीपत। डायट प्राचार्य ने खंड सहयोगियों के साथ की समीक्षा बैठक की। *फोटो :हरिभूमि*

## डायट प्राचार्य ने खंड सहयोगियों के साथ की समीक्षा बैठक

सोनीपत। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट), बीसवां मील में मंगलवार को प्राथमिक मेंटरिंग की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता डायट की प्राचार्य मंजू गर्ग ने की। प्राचार्य मंजू गर्ग ने बैठक के दौरान सभी खंड सहयोगियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान प्राचार्य मंजू गर्ग ने सभी खंडों में सहयोगियों की ओर से 100 फीसदी विद्यालय भ्रमण अनुपालन सुनिश्चित करना, दीक्षा 2.0 पाठ्यक्रम का क्रियान्वयन करना, सहयोगियों की ओर से प्रभावी कक्षा अवलोकन, ईवीएस, सामाजिक विज्ञान व विज्ञान विषयों का अवलोकन, शिक्षकों की ओर से पाठ योजना पर जानकारी साझा की।

# विरोध पड़ा भारी : अब अपने खर्च से कुत्तों को छोड़कर आना होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

- कुत्ता पकड़ने वाली टीम का कुछ लोगों ने किया था विरोध, नप ने सुनवाई के लिए बुलवाया

नगर परिषद द्वारा चलाए जा रहे आवारा कुत्तों को पकडऩे के अभियान का विरोध करना कुछ लोगों को अब भारी पड़ गया है। रविवार को नप की ओर से भेजी गई कुत्ता पकडऩे वाली टीम का जिन लोगों ने विरोध किया था, अब उन्हीं लोगों को अपने खर्च पर कुत्तों को छोड़कर आना होगा। नप प्रशासन ने सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के तहत डाग शेल्टर बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके साथ ही आवारा कुत्तों के पालन-पोषण के लिए सामाजिक संस्थाओं से सहयोग मांगा गया है। डॉग शेल्टर बनने के साथ शिक्षण संस्थानों, रेलवे स्टेशन, बस डिपो सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों से आवारा कुत्तों को पकड़ा जा रहा है। नप सचिव सुंदर शर्मा ने कहा कि खासा स्कूल के निकट आवारा कुत्तों से परेशानी संबंधित शिकायत मिली थी। रविवार को सोनीपत से टीम बुलाई थी।कुछ लोगों ने विरोध करके उनको छुड़वा दिया था। अब उनको सुनवाई के लिए बुलाया गया। इन लोगों को अपने खर्च पर कुत्तों को सुरक्षित स्थान पर छोड़वाना होगा।


गोहाना। सुनवाई के लिए बुलवाए गए लोगों से बातचीत करते हुए नप अधिकारी।


खरखौदा। सीवरेज व्यवस्था का निरीक्षण करते एसडीएम।

## एसडीएम ने किया सीवरेज व्यवस्था का निरीक्षण

खरखौदा। एसडीएम डा. निर्मल नागर और एक्सईएन नवीन कुमार ने खरखौदा की सीवरेज व्यवस्था का जायजा लिया। मटिंडू मार्ग में निर्माणाधीन सीवरेज मेनहॉल का निर्माण के तहत सेफ्टी मानकों के अनुरूप विधिवत प्रयोग नहीं हो रहा था। काम देरी से चल रहा था। एसडीएम ने निर्देश दिए हैं कि विभाग 24 घंटे काम करने की व्यवस्था कराए और मानकों का पूरा ख्याल रखा जाए। ये सुनिश्चित किया जाए कि जोखिम लेकर कोई भी राहगीर यहां से ना गुजरे। 24 घंटे काम करते हुए इस काम को निपटाया जाए, ताकि यह रास्ता आमजन के लिए खोला जा सके। पिछले करीब एक महीने से मटिंडू मार्ग कार्य धीमी गति से चलने के कारण रास्ता बंद है। जिसकी शिकायत लगातार एसडीएम के पास पहुंच रही थी। इसके बाद एसडीएम व एक्सईएन ने एसडीओ व जेई की मौजूदगी में अन्य सीवरेज मेनहोल का निरीक्षण किया और व्यापक निर्देश जारी किए। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का दौरा करते हुए प्रांगण में उगी ही कांग्रेस घास व कबाड़ हटाकर ग्रीन एरिया बनाया जाए। दौरे के बाद तय हुआ कि आने वाले समय में जल्द ही सीवरेज मेनहोल के नक्शे के साथ मीटिंग की जाएगी और सीवरेज लाइनों को हर हाल में चालू स्थिति में लाया जाएगा।

**निर्णय** सीएचसी गन्नौर में बैठक, ऑनलाइन कार्य का दबाव बनाने का विरोध

# आशा वर्कर्स का राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शामिल होने का ऐलान


गन्नौर। ऑनलाइन काम के विरोध में आशा वर्कर्स प्रदर्शन करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

सीएचसी गन्नौर में आशा वर्कर्स की बैठक हुई। जिसमें स्वास्थ्य विभाग द्वारा आशाओं पर ऑनलाइन कार्य का दबाव बनाए जाने के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया गया। बैठक के उपरांत आशा वर्कर्स ने प्राथमिक चिकित्सा अधिकारी, सीएचसी गन्नौर को ज्ञापन सौंपते हुए स्पष्ट किया कि वे ऑनलाइन कार्य करने में असमर्थ हैं और इस दबाव को तुरंत बंद किया जाए। बैठक को संबोधित करते हुए सीएचसी गन्नौर की प्रधान मीना ने कहा कि आशा वर्कर्स वालंटियर के रूप में कार्य करती हैं और उनका कार्यक्षेत्र पूरी तरह फील्ड आधारित है। गर्भवती महिलाओं की पहचान, नौ माह तक उनकी देखभाल, जच्चा-बच्चा सुरक्षा, टीकाकरण, प्रसव के लिए अस्पताल तक पहुंचाना, उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की निगरानी, विभिन्न सर्वे कार्य और इन सभी गतिविधियों का रजिस्टर में रिकॉर्ड रखना—इन सभी जिम्मेदारियों में आशा वर्कर्स का अधिकांश समय फील्ड में ही व्यतीत हो जाता है। ऐसे में ऑनलाइन कार्य के लिए उनके पास समय ही नहीं बचता। आशा वर्कर्स ने मांग की कि ऑनलाइन कार्य के लिए अलग से पद सृजित कर भर्ती की जाए।

### वेतन न मिलने से नाराजगी

पिछले तीन महीनों अक्टूबर, नवंबर और दिसंबर का मानदेय अभी तक आशा वर्कर्स को नहीं मिला है। आशा वर्कर की प्रधान मीना ने बताया कि बजट न होने का हवाला देकर सरकार बार-बार मानदेय रोक देती है, जबकि आशाओं से लगातार काम लिया जा रहा है। उन्होंने ने लंबित मानदेय तुरंत खातों में जारी करने की मांग की। आशा वर्कर्स ने सरकार और विभागीय रवैये से आक्रोशित आशा वर्कर्स ने 12 फरवरी 2026 को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल में बढ़-चढ़कर भाग लेने का निर्णय लिया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005